प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- राज्य सरकार ने प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर राजस्थान पर्यटन नीतिदृ2025 जारी की।
- राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम होंगे।
- राजस्थान पुलिस अकादमी–आरपीए को केन्द्र सरकार के उपक्रम क्षमता विकास आयोग ने उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा प्रदान किया।
- प्रदेश में पारे में उतार चढाव के बीच सर्दी का असर जारी–कल से नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादल छाने और न्यूनतम तापमान में मामूली बढोतरी की संभावना।

00000

राज्य सरकार ने प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर कल राजस्थान पर्यटन नीतिदृ2025 औपचारिक रूप से जारी की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा स्थित जेईसीसी परिसर में आयोजित पर्यटन सत्र के दौरान इस नीति का विमोचन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रवासी राजस्थानी समुदाय तथा पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रमुख हितधारक मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति राजस्थान के पर्यटन विकास को नई दिशा देने वाला एक दूरदर्शी दस्तावेज़ है, जो राज्य को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने में सहायक होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई पर्यटन नीति निवेश, नवाचार, रोजगार और सामुदायिक सहभागिता को नई गति देगी।

.....

0000

राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में कल 'नवाचार दिवस–स्टार्टअप्स एक्सपो' होगा। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने आयोजन की तैयारियों का जायजा लेते हुए प्रभारी अधिकारियों को कार्यक्रम से जुड़ी हर व्यवस्था निर्धारित समय से पहले पूरी करने के निर्देश दिए है।

आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने बताया कि एक्सपो में स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र होगी। आइस्टार्ट राजस्थान कार्यक्रम के तहत चयनित स्टार्टअप्स को फंडिंग चेक दिए जाएंगे। साथ ही अगले साल जनवरी में आयोजित होने वाले 'डिजिफेस्ट' के अंतर्गत होने वाली हैकाथॉन का भी शुभारंभ किया जाएगा। इस बीच सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आज से विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों की शुरूआत हो रही है। डूंगरपुर में जिला प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा पखवाडे से इसका आगाज होगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि तहसील चौराहे पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम रखे जायेंगे। लोगों को यातायात नियमों के बारे में बताया जायेगा। उधर करौली में भी आज से सड़क सुरक्षा अभियान की शुरूआत हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि 25 दिसम्बर तक चलने वाले अभियान में कई गतिविधियां होगी।

......

0000

रेल्वे ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में यात्रा को किफायती बनाए रखने के लिए 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि यात्रियों को दी गई सब्सिडी कुल यात्रा लागत का 45 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे का किराया विश्व में सबसे कम है। रेल मंत्री ने कहा कि पड़ोसी देशों की तुलना में भारत अपने यात्रियों को सबसे किफायती परिवहन सुविधा प्रदान कर रहा है।

0000

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डी.जी.सी.ए. ने गुरुग्राम स्थित इंडिगो के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक विशेष निगरानी दल का गठन किया है। डीजीसीए ने एक आदेश जारी कर इसकी घोषणा की। इसका उद्देश्य उड़ान में देरी होने और इसके रद्द होने की स्थिति में यात्रियों को होने वाली असुविधा को दूर करना है। आठ सदस्यीय यह दल विमान की क्षमता, चालक दल की उपलब्धता, उपयोग के घंटे, अनियोजित

अवकाश और स्टैंडबाय चालक दल सहित प्रमुख परिचालन क्षेत्रों की निगरानी करेगा। इसके अलावा, डी.जी.सी.ए. अधिकारी रोजाना रद्द होने वाली उड़ानों, धनवापसी की प्रक्रिया, समय पर उड़ान, यात्रियों के मुआवजे और लगेज वितरण पर नजर रखेंगे।

0000

राजस्थान पुलिस अकादमी–आरपीए ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केन्द्र सरकार के उपक्रम क्षमता विकास आयोग ने आरपीए को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा प्रदान किया है। इस सम्मान के साथ ही आरपीए पूरे देश के राज्यों के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में यह प्रतिष्ठित दर्जा प्राप्त करने वाली पहली अकादमी बन गई है। आरपीए ने देश के शीर्ष पाँच सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने अकादमी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान राजस्थान पुलिस के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। यह दर्शाता है कि यहां के प्रशिक्षु देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण ढांचे के तहत तैयार हो रहे हैं। आरपीए के निदेशक संजीव नार्जारी ने बताया कि अकादमी का मूल्यांकन, क्षमता विकास आयोग द्वारा 8 प्रमुख स्तंभों के अंतर्गत कुल 43 कठिन मानकों पर किया गया है।

00000

अजमेर में राजस्थान लोक सेवा आयोग के भवन पर 250 किलोवाट क्षमता का रूफ टॉप सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। आयोग के अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने कल इसका शुभारंभ किया। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इस प्लांट से हर महीने लगभग 30 से 36 हज़ार यूनिट नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन होगा। इससे आयोग का बिजली का बिल शून्य हो जाएगा और हर महीने तीन से साढ़े तीन लाख रुपये की बचत होगी। श्री साहू ने कहा कि यह पहल अन्य सरकारी विभागों के लिए एक रोल मॉडल बनेगी, जो राज्य को प्रदूषण मुक्त ऊर्जा हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आज से टाइगर फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में यह आयोजन 14 दिसंबर तक चलेगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े इस फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगे। फेस्टिवल में सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक फोटो–स्केच प्रदर्शनी, वर्चुअल शो, स्टोरी टेलिंग, पंचतंत्र कथाएं, साहित्यिक संवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ओपन स्टेज सहित कई विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। फेस्टिवल में बाघ संरक्षण, एथिकल सफारी, प्रकृति–प्रेम और जिम्मेदार पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधारित विशेष चर्चाएँ भी होंगी। साथ ही वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों और प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

000

प्रदेश के पारे में उतार–चढ़ाव के दौर के बीच सर्दी का असर बना हुआ है। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से कम दर्ज किये जाने से वहां ठण्ड का प्रभाव ज्यादा महसूस किया जा रहा है। बीते 24 घंटों में सबसे कम 3 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान  नागौर में दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार सीकर के फतेहपुर में रात का पारा 3 दशमलव 4 डिग्री मापा गया। वहीं सीकर में 5, लूणकरणसर में 5 दशमलव 1, दौसा में 5 दशमलव 7, जालौर में 5 दशमलव 9, श्रीगंगानगर में 6 दशमलव 3, सिरोही और वनस्थली में 6 दशमलव 8, झुझुनूं में 7 दशमलव 4 और राजधानी जयपुर में 10 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल से एक नए कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के असर से आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इससे तापमान में एक बार फिर 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है।

00000